कक्षा–Q

# गणित

दिनांकः

## समय

दिवस *154

कौन काम पहले करते हैं कौन बाद में। ☐ में संख्या लिखकर क्रम बनाइए।



















**शिक्षण-निर्देश** – **(1)** विषय-समझ **:** समय – बच्चों से पूछें कि सुबह उठने से लेकर रात में सोने तक में वे क्या–क्या काम करते है। इसके बाद उनके द्वारा बताए कार्यों के क्रम पर चर्चा करें– सबसे पहले क्या करते है, उसके बाद क्या करते है, फिर उसके बाद क्या करते है....... ।
**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप–22 देखें।

कक्षा–Q गणित

दिनांकः

## दिनों के नाम

दिवस *155




### दिये गये चित्र को देखकर जवाब दें

(1) एक सप्ताह में कितने दिन होते हैं ?

(2) मंगलवार के पहले कौन–सा दिन आता है ?

(3) शुक्रवार और बुधवार के बीच कौन–सा दिन आता है ?

(4) शनिवार के बाद कौन–सा दिन आता है ?

(5) शुक्रवार के बाद कौन–सा दिन आता है ?

(6) सप्ताह का पहला दिन कौन–सा होता है ?

(7) सप्ताह का चौथा दिन कौन–सा होता है ?

(8) सप्ताह का अंतिम दिन कौन–सा होता है ?

शिक्षण-निर्देश – **(1)** विषय-समझ : समय (सप्ताह के दिन) – बच्चों को सप्ताह के दिनों से परिचित कराएँ– सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार, रविवार। इसके साथ ही एक सप्ताह में कितने दिन होते हैं, और कौन–सा दिन पहले और कौन–सा दिन किसके बाद आता है इसपर सवाल–जवाब करें। इस तरह से दो–तीन बार सप्ताह के सारे दिनों के नाम बच्चों को बताएँ और कुछ बच्चों से पूछें। **(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप–23 देखें।


WEB COPY © BSTBPC NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा-Q गणित

दिनांकः

# महीनों के नाम

दिवस *156




## ऊपर दिये गये चित्र को देखकर जवाब दें

| | |
|---|---|
| (1) एक साल में कितने महीने होते हैं ? | |
| (2) साल का पहला महीना कौन-सा होता है ? | |
| (3) साल का चौथा महीना कौन-सा होता है ? | |
| (4) अगस्त के महीने में कौन-सा मौसम होता है ? | |
| (5) साल का अंतिम महीना कौन-सा होता है ? | |
| (6) जनवरी के महीने में कौन सा-मौसम होता है ? | |
| (7) मई के महीने में कौन-सा मौसम होता है ? | |

शिक्षण-निर्देश - **(1) विषय-समझ** : समय (महीनों के नाम) – बच्चों को महीनों के नाम बताएँ। कौन-सा महीना सबसे पहले आता है तथा कौन-सा महीना किसके बाद आता है इसपर सवाल-जवाब करें। इसके साथ ही मौसम की भी जानकारी दें।

**(2)** समूह-कार्य : क्रियाकलाप- 23 देखें।




© BSTBPC WEB COPY NOT TO BE PUBLISHED

कक्षा-Q | गणित


दिनांक:


## घड़ी देखकर समय बताएँ


दिवस *157




4 : 00









## दिये गये समय के अनुसार घण्टे की सूई बनाइए




2 बज रहे हैं



9 बज रहे हैं



5 बज रहे हैं



11 बज रहे हैं

BSTBPC NOT TO BE PUBLISHED WEB COPY

शिक्षण-निर्देश - **(1) विषय-समझ** : समय – घड़ी की बुनियादी जानकारी दें– उसमें कितनी सूइयाँ होती है, डायल पर कितनी संख्याएँ लिखी होती है। मिनट, घंटे की सूई पर चर्चा करें, साथ में ये भी बताएँ कि एक सबसे पतली एवं लंबी सूई होती है जो हमेशा चलते रहती है वह सेकंड की सूई होती है। इसके बाद घंटे वाले समय (जैसे– 3 बजे, 7 बजे, 11 बजे ....) के बारे में बताएँ कि जब मिनट वाली सूई 12 पर होती है उस समय घंटे की सूई जिस संख्या पर होती है उतना समय होता है। **(2) समूह-कार्य** : क्रियाकलाप- 22 देखें।